डेंगू से बचाव रैली द्वारा जानकारी

आज दिनांक 02.11.2017 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के स्वयंसेवकों तथा स्वयंसेविकाओं ने डेंगू की रोकथाम के लिए सावधानियां तथा आवशयक कदम उठाने से सम्बंधित जानकारी के लिए गाँव चंदावली में रैली महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी के मार्गदर्शन में निकाली गयी। स्वयंसेवक तथा स्वयंसेविकाओं ने "हम सबका है एक ही नारा, साफ़ सुथरा हो देश हमारा", "सब रोगों की एक दवाई, घर की रखो साफ़ सफाई" इत्यादि नारों के साथ डेंगू से बचाव के लिए पानी में मच्छरों को न पनपने देने के लिए उपाय तथा डेंगू होने पर घबराएं नहीं बल्कि तरल पेय का सेवन इत्यादि से ग्रामीणों के सामने अपने विचार प्रस्तुत किये।

चंदावली गाँव की सरपंच अंजू तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक तथा वाई० आर० सी० इंचार्ज डॉ० विनोद राठी जी की प्रेरणा से सफलता पूर्वक संपन्न की गयी।

पंकज मंगला, शुभम, अनिल, मोहित, दीपक, अश्वनी, नेहा, मानसी इत्यादि छात्रों तथा छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ इस रैली में भागीदारी की।